प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 17.06.2025**

❖अपराध नियंत्रण की दिशा में कानपुर देहात पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

❖थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बैंक एटीएम से छेड़छाड़ करके ग्राहकों के पैसे निकालने वाले 02 नफर शातिर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

❖अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद एण्ड्रॉइड मोबाइल फोन, 02 अदद एटीएम कार्ड, 02 अदद प्लास्टिक प्लेट, 02 अदद फेवीक्विक, 01 अदद कटर चाकू, 01 अदद वायरलेस हैण्ड फ्री इयरबड ZIOX कम्पनी व 11400 रुपये बरामद हुए।

❖अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर की गयी विधिक कार्यवाही।

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना अकबरपुर पुलिस टीम कल दिनांक 16.06.2025 को थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था हेतु भ्रमणशील थी कि तभी एतशान अली पुत्र चाँद अली निवासी वार्ड नं0 07 अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात द्वारा जरिये दूरभाष सूचना दी गयी कि 02 संदिग्ध व्यक्ति कस्बा अकबरपुर माती रोड पर एसबीआई एटीएम में एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं। उक्त सूचना पर तत्काल थाना अकबरपुर पुलिस टीम कस्बा अकबरपुर माती रोड पर एसबीआई एटीएम पर पहुंच कर एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ करने वाले दोनों व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बारी-बारी से नाम पता पूछने पर पहले व्यक्ति ने अपना नाम अनीश कुशवाहा पुत्र जयप्रकाश कुशवाहा निवासी ग्राम सेनपूरा पारा थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम अजीत कुशवाहा पुत्र अशोक कुशवाहा निवासी ग्राम सेनपूरा पारा थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष बताया। दोनों अभियुक्तों की तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद एण्ड्रॉइड मोबाइल फोन, 02 अदद एटीएम कार्ड, 02 अदद प्लास्टिक प्लेट, 02 अदद फेवीक्विक, 01 अदद कटर चाकू, 01 अदद वायरलेस हैण्ड फ्री इयरबड ZIOX कम्पनी व 11400 रुपये बरामद हुए। अभियुक्तों को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए कल दिनांक 16.06.2025 को समय 15.30 बजे गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 274/2025 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/317(2) बीएनएस व 35 (1) बीएनएसएस व 65/66 आईटी एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

पूछताछ विवरण:- अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों लोग एटीएम में छेड़छाड़ करके ग्राहकों का पैसा काफी समय से निकालते आ रहे है। हम लोग एटीएम मशीन में पैसे निकलने वाली जगह पर एक प्लास्टिक की

प्लेट चिपका देते है। जो ग्राहक एटीएम से पैसे निकालने आता है उसके रुपये एटीएम में रुपये निकालने वाली जगह पर आकर फंस जाते है और जब व्यक्ति रुपये न निकलने पर एटीएम से चले जाते हैं तो हम लोग चिपकायी गयी प्लेट को हटाकर फंसे रुपयों को निकाल लेते हैं। ऐसा हम लोग काफी समय से करते आ रहे हैं। दिनांक 15.06.2025 को हम दोनों ने दिबियापुर जनपद औरैया एसबीआई एटीएम में एक प्लेट चिपका कर इसी तरह एक ग्राहक के 10000/- रुपये निकाल लिए थे और आज हम लोग कानपुर जा रहे थे कि तभी अकबरपुर पुल के पास उतरे और पास में लगे एसबीआई एटीएम में गये और रुपये निकलने वाली जगह पर एक प्लेट चिपका रहे थे कि तभी कुछ लोगों ने हमें देख लिया और एटीएम में अन्दर आकर प्लेट चिपकाते हुए पकड़ लिया और उन्हीं में से किसी ने पुलिस को सूचना दे दी और आप लोगों आकर हम दोनों को पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण:- 02 अदद एण्ड्रॉइड मोबाइल फोन, 02 अदद एटीएम कार्ड, 02 अदद प्लास्टिक प्लेट, 02 अदद फेवीक्विक, 01 अदद कटर चाकू, 01 अदद वायरलेस हैण्ड फ्री इयरबड ZIOX कम्पनी, 10000 रुपये नगद, 1400 रुपये जामातलाशी से बरामद हुए।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का नाम व पता:-

1. अनीश कुशवाहा पुत्र जयप्रकाश कुशवाहा निवासी ग्राम सेनपूरा पारा थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर उम्र 19 वर्ष
2. अजीत कुशवाहा पुत्र अशोक कुशवाहा निवासी ग्राम सेनपूरा पारा थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर उम्र 20 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली थाना अकबरपुर पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सतीश कुमार सिंह
2. उ0नि0 मो0 अकरम
3. हे0का0 436 रोहित सिंह
4. का0 721 सर्वेन्द्र कुमार
5. का0 258 रविन्द्र सिंह